>

Title: Need to utilize funds sanctioned for improvement and refurbishment of the Nahar Singh Stadium in Faridabad, Haryana.

श्री अवतार सिंह भडाना (फ़रीदाबाद): मेरे संसदीय क्षेत्र फरीदाबाद, हरियाणा के औद्योगिक शहर फरीदाबाद में वर्ष 1981 में नाहर सिंह क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण हुआ था। इस स्टेडियम में दर्शकों के बैठने की क्षमता 25000 के आसपास है। सभी सुविधाओं से परिपूर्ण यह अंतर्राष्ट्रीय स्तर का स्टेडियम है, जिसमें वर्ष 1981 से 1996 तक राज्य स्तरीय, देश स्तरीय और अंतर्राष्ट्रीय मैचों का आयोजन होता रहा है। किंतु पिछले 8 वर्षों से इस स्टेडियम की अनदेखी की जा रही है। इसका मुख्य कारण है यहां पर दो-दो क्रिकेट एसोसिएशन की आपसी सामंजस्य की कमी। जिसके कारण पिछले 8 वर्षों से एक भी देश, राज्य और स्थानीय स्तर के मैचों का भी आयोजन नहीं हो पाया है और न ही स्थानीय क्रिकेटर को अभ्यास करने का मौका मिला है। महोदय, मुझे ज्ञात हुआ है कि बीसीसीआई ने इस स्टेडियम का नया स्वरूप देने और उसके जीर्णोद्धार के लिए 180 करोड़ रूपये स्वीकृत किए हैं ताकि यहां पर पुनः अंतर्राष्ट्रीय स्तर के मैचों का आयोजन शुरू हो सके। लेकिन दो क्रिकेट एसोसिएशन की आपसी लड़ाई के कारण यह धनराशि भी ऐसी ही पड़ी है।

मेरी भारत सरकार से मांग है कि यदि दोनों क्रिकेट एसोसिएशन में कोई समझौता नहीं होता है तो दोनों को भंग कर नई क्रिकेट एसोसिएशन बनाई जाए ताकि बीसीसीआई द्वारा स्वीकृत धनराशि का सदुपयोग हो सके और पुनः यहां पर मैचों का आयोजन शुरू हो सके।